# नागरिक अधिकार पत्र

यह अधिकारपत्र हमारी संकल्पना, अभियान, मान्यताओं, सेवाओं और गुणता नियंत्रण तथा निरीक्षण के माध्यम से निर्यात व्यापार के सशक्त विकास में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक पारदर्शी तरीके से कार्य करने की वचनबद्धता की एक घोषणा है।


**भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद्**

(वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)

तीसरा तल, एनडीवाइएमसीए कल्चरल सेंटर बिल्डिंग

1, जय सिंह रोड, नई दिल्ली – 110001

टेलीफोन : 011-23748189, 23365540, 23341263

फैक्स : 011 – 23748024

**वेबसाइट** : www. eicindia.org

**ई-मेल** : eic@eicindia. org

## हमारी संकल्पना

एक साखपूर्ण और सक्षम निरीक्षण तथा प्रमाणन प्रणाली के माध्यम से भारतीय निर्यातकों को विश्व व्यापी पहुंच प्रदान करना तथा प्रमाणन गुणता के लिए भारत के अग्रणी संगठन के रूप में वैश्विक मान्यता अर्जित करना।

## हमारा अभियान

- विश्व व्यापार संगठन की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रमाणन प्राधिकरणों के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों के आधार पर देश के अंदर एक निर्यात निरीक्षण और प्रमाणन अवसंरचना का सृजन।
- भारतीय निर्यातकों की सुरक्षा और निर्यातकों में गुणता के बारे में भरोसा बनाना।
- चुने हुए अग्रणी क्षेत्रों में प्रत्यायित नवीनतम परीक्षण सुविधाएँ प्रदान करना।
- अंतरराष्ट्रीय आवश्यकताएँ पूरी करने के लिए प्रशिक्षण के माध्यम से जन शक्ति की क्षमता बढ़ाना।
- हमारे प्रमुख व्यापारिक भागीदारों से भारत की निर्यात प्रमाणन प्रणाली के लिए मान्यता अर्जित करना।
- भारतीय हित के अंतरराष्ट्रीय मंचों और परियोजना में भाग लेना।
- क्षमता निर्माण हेतु नवीनतम प्रौद्योगिकीय उन्नतियों के साथ तालमेल रखना।

## हमारी मान्यताएं

हम जनता के साथ ईमानदारी और विवेकपूर्णता, पारदर्शिता और जवाबदेही तथा विनम्रता सहित और जनता के साथ हमारे कार्यों को समझने के लिए वचनबद्ध हैं। सभी सेवाओं और वचनबद्धताओं को एक समयबद्ध रूप में मानकों के अनुसार पूरा किय जाएगा।

## हमारा संगठन

प्रतिस्पर्द्धी विश्वव्यापी निर्यात बाज़ार स्थल की मांग उच्च गुणता आश्वासन समाधानों की होती है जो आज की आवश्यकताओं को प्रभावी रूप से पूरा कर सके तथा आने वाले कल की चुनौतियों को संबोधित कर सकें। कड़ी प्रतिस्पर्द्धा और निरन्तर जारी गुणता शासन

प्रक्रिया से पहचाने जाने वाले एक क्षेत्र में निर्यात निरीक्षण परिषद (निनिप) एक अग्रणी संगठन के रूप में डटकर खड़ा हैं।

भारत सरकार द्वारा एक सांविधिक निकाय के रूप में स्थापित, निनिप ने पोत-लदान पूर्व निरीक्षणों से लेकर निर्यात व्यापार के सुविधा प्रदानकर्ता तक विनियामक प्रक्षेत्र से अपनी गतिविधियों में आमूल-चूल परिवर्तन किया है। इसके दल में समर्पित, अनुभवी और उच्च योग्यता प्राप्त तकनीकी कार्मिक शामिल हैं। आज, निनिप मांगपूर्ण बाज़ारों तक निर्यातकों के प्रवेश द्वार और आयातकों तथा उनकी सरकारों को प्रमाणन प्रणालियों के माध्यम से गारंटी प्रदान करता है। यूरोपीय देशों, यूएसएफडीए, ऑस्ट्रेलिया, टर्की, कोरिया और श्रीलंका से निनिप के प्रमाणन की मान्यता इसकी साख का प्रशंसापत्र है।

राष्ट्र की सेवा में पिछले चार दशकों के दौरान निनिप ने गुणता आश्वासन और प्रमाणन कार्यक्रमों के माध्यम से देश के निर्यात को बढ़ाने में एक केंद्रीय भूमिका निभाई है। निनिप का मुख्य कार्यालय दिल्ली में है और यह चेन्नै, मुंबई, दिल्ली, कोलकाता और कोच्चि में स्थित अपने क्षेत्र संगठनों के माध्यम से कार्य करता है और सुसज्जित प्रयोगशालाओं सहित प्रमुख पत्तनों, महत्वपूर्ण औद्योगिक तथा उत्पादन केंद्रों पर स्थित इसके 41 उप-कार्यालयों का एक नेटवर्क है। इन कार्यालयों के विवरण हमारी वेबसाइट www. eicindia.org पर उपलब्ध हैं।

## हमारी सेवाएं

निर्यात निरीक्षण परिषद् निम्नलिखित क्षेत्रों में निर्यात निरीक्षण अभिकरणों, इसके क्षेत्र संगठनों के माध्यम से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सेवाएं प्रदान करता है :

- गुणता आश्वासन प्रणालियों (प्रक्रियाधीन गुणता नियंत्रण और स्व-प्रमाणीकरण) की संस्थापना के ज़रिए निर्यातक इकाइयों और परेषणवार निरीक्षण में निर्यात वस्तुओं की गुणता का प्रमाणन।
- खाद्य प्रक्रमण इकाइयों में खाद्य सुरक्षा प्रबंध प्रणाली की संस्थापना के माध्यम से निर्यात के लिए खाद्य मदों की गुणता का प्रमाणन।
- निर्यात के लिए विभिन्न उत्पाद योजनाओं के तहत निर्यातकों को स्वास्थ्य, विश्वसनीयता आदि विभिन्न प्रकार के प्रमाणपत्र जारी करना।
- निर्यात उत्पादों की विभिन्न अधिमानी टेरिफ योजनाओं के तहत निर्यातकों को उद्भव प्रमाणपत्र जारी करना।

- प्रयोगशाला परीक्षण सेवाएँ
- खाद्यजनित हानि विश्लेषण क्रांतिक नियंत्रण बिंदु (एचएसीसीपी), आईएसओ – 9001 : 2000, आईएसओ : 17025 तथा अन्य संबंधित अंतरराष्ट्रीय मानकों, प्रयोगशाला परीक्षणों आदि के सिद्धान्त के आधार पर गुणता और सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली की संस्थापना में उद्योग को प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता देना।
- आईएसओ 17020 के अनुसार निरीक्षण अभिकरणों को मान्यता देना तथा परीक्षण के लिए उपयोग करना।

उपरोक्त सेवाएँ प्रदान करने में निनिप को योग्य नियंत्रण और अधिसूचित मदों के निरीक्षण के विविध अनुभव सहित अंतरराष्ट्रीय मानकों/आयातक देशों के मानकों या विदेशी क्रेता की विशिष्टता के अनुसार उनके परीक्षण का लगभग 40 वर्ष का अनुभव है।

## हमारी वचनबद्धता

भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद (निनिप) का गठन निर्यात (गुणता नियंत्रण और निरीक्षण) 1963 अधिनियम के तहत किया गया और यह भारत का आधिकारिक निर्यात प्रमाणन निकाय है। इसके अलावा यह सरकार को गुणता नियंत्रण और निरीक्षण के माध्यम से निर्यात व्यापार के सशक्त विकास पर सलाह देता है। निनिप अपने क्षेत्र संगठनों के माध्यम से निर्यात निरीक्षण और प्रमाणन का प्रचालन करता है। हम अपने कार्य करने के प्रयास का वचन देते हैं और हमारी सेवाओं में निम्नलिखित बिन्दु शामिल होंगे :

1. ईमानदारी और विवेकपूर्णता
2. विनम्रता और समझ
3. विषयपरकता और पारदर्शिता
4. तीव्रता और दक्षता

## हमारे ग्राहक

हमारे ग्राहकों में शामिल हैं :

- सरकार, जिन्हें हम निर्यात व्यापार के सशक्त विकास हेतु उपायों पर सलाह देते हैं।
- निर्यातक जिनके उत्पाद हमारे परेषणावार निरीक्षण के तहत प्रमाणित हैं।
- अनुमोदित इकाइयों वाले निर्यातक, जहाँ से उत्पादों का निर्यात किया जा रहा है।
- उद्भव प्रमाणपत्र की सुविधा का लाभ उठाने वाले निर्यातक
- विदेशी सरकारें, जिन्होंने निनिप प्रमाणन को मान्यता दी है।
- आयातक देशों के आम उपभोक्ता

## **हमारी अपेक्षाएं**

हम आपसे अपेक्षा करते हैं कि आप अपने कर्तव्य तथा कानूनी बाध्यताएं पूरी करने में तीव्रता और औचित्य दर्शाएं तथा हमें सूचना प्रदान करने में सत्यनिष्ठा और ईमानदारी रखें।

यदि निर्यातक हमसे अनुमोदन लेते हैं तो हम अपेक्षा करते हैं कि प्रमाणन योजनाओं का कार्यान्वयन ईमानदारी से किया जाए।

उदभव प्रमाणपत्र के मामले में हम अपेक्षा रखते हैं कि हमें सही और ईमानदारी से घोषणाएं प्रदान की जाएं ताकि निर्यातक और निनिप की साख बनी रहे।

## परिवाद और शिकायतें/निवारण प्रणाली

नई दिल्ली में स्थित निनिप में एक शिकायत और परिवाद प्रकोष्ठ विभाग में कार्य करता है। यह इन मामलों में कार्य करता है।

1. निनिप अधिकारियों और कर्मचारियों के बारे में शिकायत
2. निनिप अधिकारियों और कर्मचारियों के परिवाद

प्रकोष्ठ में जमा की गई किसी शिकायत या परिवाद पर एक सप्ताह के अंदर प्राप्ति स्वीकृति दी जाती है। निनिप और निनिअ के संबंध में शिकायतों के लिए एक माह के अंदर कार्रवाई की जाएगी। यदि व्यक्ति इस मामले को व्यक्तिगत रखना चाहता है तो वह संपर्क करें :

**अपर निदेशक**
**भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद**
(वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
तीसरा तल, एनडीवाइएमसीए कल्चरल सेंटर बिल्डिंग
1, जय सिंह रोड, नई दिल्ली – 110001
टेलीफोन : 011-23748022, 23365540
फैक्स : 011 – 23748024 ई-मेल :addldir@eicindia. org

## सतर्कता गतिविधियां

निनिप और प्रत्येक निनिप मुख्य कार्यालय में कार्यरत एक सतर्कता प्रकोष्ठ केंद्रीय सतर्कता आयोग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय तथा केंद्रीय जांच ब्यूरों के साथ नज़दीकी परामर्श और परामर्श और समन्वय में कार्य करता है। यह निषेधात्मक सकर्तता प्रक्रिया और निनिप/निनिअ कर्मचारी (सीसीए) नियम, 1978 और सीसीएस (आचार) नियम, 1964 के अनुसार दण्डात्मक कार्रवाइयों के माध्यम से निनिप/निनिअ की कार्यशैली में शुद्धता और ईमानदारी बनाए रखने पर लक्षित है। रिश्वत और भ्रष्टाचार संबंधी शिकायतें निनिप या निनिअ के सतर्कता प्रकोष्ठ को सीधे मे द्वारा अथवा निम्नलिखित पते पर भेजी जा सकती हैं :

**अपर निदेशक**
**भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद**
(वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)
तीसरा तल, एनडीवाइएमसीए कल्चरल सेंटर बिल्डिंग
1, जय सिंह रोड, नई दिल्ली – 110001
टेलीफोन : 011-23748022, 23365540
फैक्स : 011 – 23748024 ई-मेल : addldir@eicindia. org

## हेल्पलाइन

निर्यात निरीक्षण परिषद, निर्यात निरीक्षण अभिकरण जो दिल्ली, मुंबई, कोच्चि, चेन्नै और कोलकाता में स्थित हैं, देश भर में स्थित प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में स्थित प्रयोगशालाओं सहित 41 से अधिक उप-कार्यालयों के एक नेटवर्क सहित कार्य करता है और यह संगठन से संबंधित सभी मामलों में मदद और सहायता प्रदान करेगा।

- सूचना/मार्गदर्शन के लिए हमारी वेबसाइट www@eicindia. org देखें।
- हमारी सेवाओं के विषय में आगे दिए गए पतों पर किसी जानकारी के लिए निनिप, निनिअ और निनिअ प्रमुख कार्यालय से संपर्क करें।
- मुफ्त विवरणिकाएं या मूल्य देकर प्रकाशन परिषद/अभिकरणों के कार्यालयों से प्राप्त किए जा सकते हैं।

# निनिप / निनिअ के महत्वपूर्ण फोन नंबर और पते की सूची

| क्रम सं0 | अधिकारी | संपर्क के पते और ई- मेल |
|---|---|---|
| 1. | निदेशक (निरीक्षण एवं क्वालिटी नियंत्रण ) | **भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद**<br>( वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)<br>तीसरा तल ,एन डी वाई एम सी ए ,<br>कल्चरल सेंटर बिल्डिंग ,<br>1, जयसिंह रोड ,नई दिल्ली - 110001<br>टेलिफोन नं0 इ 011- 23748025<br>ई-मेल - eic@eicindia.org |
| 2. | अपर निदेशक | **भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद**<br>( वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)<br>तीसरा तल ,एन डी वाई एम सी ए ,<br>कल्चरल सेंटर बिल्डिंग ,<br>1, जयसिंह रोड ,नई दिल्ली - 110001<br>टेलिफोन नं0 -011- 23748022<br>ई-मेल - eic@eicindia.org |
| 3. | संयुक्त निदेशक प्रभारी, तकनीकी प्रभाग | **भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद**<br>( वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)<br>तीसरा तल ,एन डी वाई एम सी ए ,<br>कल्चरल सेंटर बिल्डिंग ,<br>1, जयसिंह रोड ,नई दिल्ली - 110001<br>टेलिफोन नं0 इ 011- 23748023<br>ई-मेल - eic@eicindia.org |
| 4. | संयुक्त निदेशक प्रभारी, लेखा / प्रशासन | **भारतीय निर्यात निरीक्षण परिषद**<br>( वाणिज्य विभाग, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार)<br>तीसरा तल ,एन डी वाई एम सी ए ,<br>कल्चरल सेंटर बिल्डिंग ,<br>1, जयसिंह रोड ,नई दिल्ली - 110001<br>टेलिफोन नं0 इ 011- 23748187<br>ई-मेल - eic@eicindia.org |

| | | |
|---|---|---|
| 5. | संयुक्त निदेशक प्रभारी, निनिअ- मुम्बई | **निर्यात निरीक्षण अभिकरण- मुम्बई**<br>अमन चैम्बर्स- चौथा तल,<br>113, महर्षि कार्वे रोड, मुम्बई- 400004.<br>टेलिफोन नं0 022-23630311 /23630312 / 23630113<br>फैक्स नं0 022-23683927<br>ई-मेल - eiabombay@eicindia.org |
| 6. | संयुक्त निदेशक प्रभारी, निनिअ- दिल्ली | **निर्यात निरीक्षण अभिकरण- दिल्ली**<br>**ठक्कर बापा स्मारक सदन, द्वितीय तल,**<br>**डा0 अम्बेडकर मार्ग (लिंक रोड),**<br>**(झण्डेवालान मैट्रो स्टेशन के पीछे)**<br>**नई दिल्ली - 110055**<br>टेलिफोन नं0 01123626320/21/22/23/ 24/25/26/27 ,<br>फैक्स नं0 - 23626328<br>ई-मेल - eiadelhi@eicindia.org |
| 7. | संयुक्त निदेशक प्रभारी, निनिअ- कोलकाता | **निर्यात निरीक्षण अभिकरण- कोलकाता**<br>**वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, 14/1-बी , ईजरा स्ट्रीट ,**<br>**कोलकाता- 700001.**<br>टेलिफोन नं0 + 91-33- 22355004 / 22352651/ 22352652<br>फैक्स नं0 - + 91-33-22354562<br>ई-मेल - eiacalcutta@eicindia.org |
| 8. | संयुक्त निदेशक प्रभारी, निनिअ- चैन्नै | **निर्यात निरीक्षण अभिकरण- चैन्नई**<br>**छटी मंजिल ,सी डी एम ए टावर II**<br>**नं0 गांधी इरविन रोड, एग्मोर ,**<br>**चैन्नई - 600008**<br>**टेलिफोन नं0 044- 28552841 /044-28552842**<br>**फेक्स नं0 इ 044- 28552840**<br>ई-मेल - eiamadras@eicindia.org |
| 9. | संयुक्त निदेशक प्रभारी, निनिअ- कोच्ची | **निर्यात निरीक्षण अभिकरण- कोच्ची**<br>**27/1767, शिपयार्ड क्वार्टर्ज रोड,**<br>**पनाम्पिल्ली नगर ( साउथ)**<br>**कोच्ची-682036**<br>टेलिफोन नं0 0484-2314645 / 2316946 / 2316949<br>फैक्स नं0 0484- 2316948<br>ई-मेल - eiacochin@eicindia.org |